## बैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल को 15 दिन के अंदर राशि जमा करनें के दिए निर्देश

# स्कूल प्रबंधन की मनमानी पर प्रशासन ने की कार्यवाही, 2 लाख रूपए का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन, नियम एवं अधिनियम तथा शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर बैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल कटनी के शाला प्रबंधन के विरूद्ध 2 लाख रूपये की शास्ति अधिरोपित किया है। बैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल शाला प्रबंधन को यह राशि 15 दिवस के अंदर जमा किया जाना अनिवार्य किया गया है। कटनी जिले के इतिहास में कलेक्टर द्वारा शाला प्रबंधन के विरूद्ध जुर्माना किये जाने की अब तक की यह तीसरी बड़ी कार्यवाही है।

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में आज मंगलवार को आयोजित जिला समिति की बैठक में शाला प्रबंधन बैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के विरूद्ध शास्ति अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है। इसके पहले कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला समिति ने बैलवेदर इंटरनेशनल स्कूल




की शिकायतों की जांच हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर शाला प्रबंधन को बीती 27 मई 2024 को जिला समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना कथन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था। इस दिन शाला प्रबंधन द्वारा जिला समिति के समक्ष दिये गए कथनों को जिला समिति ने मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम एवं अधिनियम तथा शासन के निर्देशों का उल्लंघन और पालन करना नहीं पाया। इस पर शाला प्रबंधन के विरूद्ध 2 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है।

### 30 दिवस मे छात्रों एवं अभिभावकों को वापस करें फीस

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शाला प्रबंधन को विधि विरूद्ध तरीके से संग्रहित की गई फीस की राशि को छात्रों या उनके अभिभावकों को वापस की जाकर पालन प्रतिवेदन जिला समिति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### मनमानी फीस वृद्धि

शाला प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत जवाब को जिला समिति ने असत्य माना है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा इंग्लिश कम्युनिकेशन प्रोग्राम की फीस दो हजार 500 रूपये को इंग्लिश कम्युनिकेशन प्रोग्राम के तहत वसूली गई फीस को जिला समिति ने मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम एवं अधिनियम के विपरीत माना है। इसके अलावा शाला प्रबंधन द्वारा वर्ष 2020-21 से वर्ष 2021-22 में फीस वृद्धि कक्षावार 23.79 प्रतिशत से 30.16 प्रतिशत तक किया जाना पाया गया। मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम 4 अनुसार निजी विद्यालय द्वारा प्रस्तावित फीस संरचना में वृद्धि यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की फीस की तुलना मे 15 प्रतिशत से अधिक होने पर जिला समिति के माध्यम से राज्य समिति का अनुमोदन कराने का प्रावधान है जिसका पालन शाला प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया। विद्यालय द्वारा की गई फीस वृद्धि मनमानी है।

जिला समिति की बैठक मे डी.ई.ओ पी.पीसिंह, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह और संहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी मौजूद रहे। समिति की बैठक में पालक, शिकायतकर्ताओं के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लिया गया।

## दो वाहन चालकों से 54 हजार रूपए का वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शराब पीकर वाहन चलाने एवं ओवरलोड परिवहन पर पुलिस ने कार्यवाही की है। एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया व नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी प्रभारी सूबेदार मोनिका खड़से एवं चौकी के स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक MP07GA7518 को रोककर चेक करने पर वाहन ओवर लोड प्रतीत हुआ जिसका वजन करवाकर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 113/194(a) अन्तर्गत वाहन चालक भगवती जाटव पिता राम सिंह निवासी ग्वालियर एवं वाहन मालिक प्रो. आर एम मोटर पाट्र्स के विरुद्ध प्रकरण तैयार किया गया। 25-06-2024 को न्यायालय द्वारा वाहन मालिक व वाहन चालक पर 44,000/- रु का जुर्माना अधिरोपित किया

इसी तरह 24 जून को स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक CG04PQ9464 को रोककर चेक किया गया जिसमे वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाता प्रतीत हुआ जिसका शासकीय जिला चिकित्सालय में मुलाहिजा कराने पर चिकित्सक द्वारा चालक के नशे में होने की पुष्टि की गयी। उक्त वाहन के वाहन चालक देशराज पिता चतुर अहिरवार के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय हेतु प्रकरण तैयार किया गया जिसपर जिला न्यायालय कटनी द्वारा वाहन चालक पर 10,000/- रु का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। कार्यवाही में सूबेदार मोनिका खड़से, सउनि राजेश कोरी, आरक्षक अंकित आर्मो, दीपक चक्रवर्ती, घनश्याम निषाद आदि की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

**बड़वारा।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को बड़वारा विधानसभा के ग्राम पंचायत भजिया के धनगवां ग्राम में बृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बृक्षारोपण कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी के मार्गदर्शन में विलायतकला भाजपा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र उपाध्याय के सौजन्य से बृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय कार्यकर्त्ता अखिलेश श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र गोस्वामी, गणेशपुरी सहित समस्त कार्यकर्ता एकत्रित हुए सभी ने एक एक पेड़ लगाया एवम बृक्षारोपण करने व पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

### अलग अलग स्थानों से 7 जुआरियों को पकड़ा

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को कुठला व माधवनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अुनसार माधव नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गत दोपहर के समय टीम ने रामलीला मैदान के पास से विक्की रोहरा निवासी खैबर लाईन, रामजी तिवारी निवासी अमीरगंज जुआ खेलते हुए पकड़ा है जिनके फड़ से 280 रुपए जब्त किए है। इसी प्रकार कुठला पुलिस ने बताया कि ग्राम घघरी कला से टीम ने शाम के समय तुलसी चौधरी, माखन लाल पटेल व संत कुमार पटेल तीनो निवासी घघरी को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। उनके फड़ से नकदी 630 रुपए जब्त किए है। इधर दूसरी टीम ने शाम के समय ही ग्राम घघरी कला से शिवचरण आदिवासी व लोचन सिह को 52 ताश के पत्तों में दांव लगाते हुए पकड़ा है। उनके फड़ से नकदी 520 रुपए जब्त किए है।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आज होगी

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा निवारण और शमन के लिए जिला स्तर पर की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक बुधवार 26 जून को अपरान्ह 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा आयोजित बैठक मे महापौर नगर निगम, अध्यक्ष जिला पंचायत सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से उपस्थित रहने का आग्रह किया है। अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को आयोजित बैठक मे निर्धारित एजेंड़ा अनुसार विभाग से संबंधित जानकारी एवं तैयारी के साथ उपस्थित होनें के साथ ही विभाग प्रमुखों को तैयार जानकारी की पीपीटी हार्ड एवं साफ्ट कापी में राहत शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

### जिला पशु कूररता निवारण समिति की बैठक 28 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति कटनी की बैठक शुक्रवार 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में पशुओं पर होने वाले अत्याचार एवं क्रूरता को रोकने , पशुओं के अश्रय हेतु पशु गृह का निर्माण , पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी। समिति के सचिव एवं उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने समित के उपाध्यक्ष एवं पुलिस अद्यीक्षक सहित कोषाध्यक्ष डॉ आरती तिवारी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ सहित सदस्य से पहुंचने कहा गया है।

## कलेक्टर ने 71 लंबित शिकायतों का चयन कर की गई समीक्षा

# स्थानीय समाधान के प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद प्रसाद द्वारा रैडमली 110 शिकायतों का चयन किया किया जाकर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान 39 शिकायतें संतुष्टि से बंद पाईं गई तथा 71 शिकायतें लंबित पाये जाने पर लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान आवेदक तहसील विजयराघवगढ़ निवासी महंता यादव की राजस्व विभाग की



अवैध अतिक्रमण संबंधी लंबित शिकायत की सुनवाई की जाकर धारा 250 के तहत नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश तहसीलदार विजयराघवगढ़ को दिये गए तथा उक्त शिकायत को विशेष समीक्षा हेतु दर्ज किया गया। जबकि आवेदक प्रमोद कुमार खंपरिया की ऊर्जा विभाग अंतर्गत विद्युत देयक भुगतान संबंधी लंबित शिकायत में सुनवाई उपरांत पूर्व में जारी बिल में सुधार कर नवीन बिल जारी किये जाने के निर्देश अधीक्षण यंत्री ऊर्जा विभाग को दिये गये।

### तत्काल पोल सही कराने कहा

समीक्षा बैठक के दौरान बरही निवासी आवेदक प्रमोद सोनी की लंबित शिकायत पर शिकायतकर्ता के समक्ष ही सुनवाई की जाकर अधीक्षण यंत्री ऊर्जा विभाग को आज ही टीम भेजकर विद्युत पोल को सही कराये जाने के निर्देशित करते हुए शिकायत को विशेष समीक्षा में दर्ज कराया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्थानीय समाधान जनसुनवाई के 08 आवेदनों को विशेष समीक्षा में दर्ज कर निराकरण कराने के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिये गये।

## पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण



पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के लिए कुछ कानूनों में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित हुए कानूनों से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराने के लिए गत दिवस स्लीमनाबाद पुलिस अनुभाग में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, एसडीआपी अखिलेश गोर के मार्गदर्शन में निरीक्षक अखलेश दाहिया थाना प्रभारी स्लीमनाबाद गत 24 जून को आस्था मेरिज गार्डन स्लीमनाबाद में आगामी 01 जुलाई 2024 से लागू नवीन अधिनियम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में स्लीमनाबाद अनुभाग के अन्तर्गत आने वाले थाने स्लीमनाबाद, उमरिया पान, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, बाकल मे पदस्थ पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कबाड़ दुकानों को बंद कराये जाने के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में संचालित कबाड़ दुकानों को बंद कराए जाने के खिलाफ कबाड़ बीनने वालों ने मंगलवार को विरोध जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि वे लोग शहर से लगे क्षेत्रों में रहते हैं और शहर में कबाड़ बीनकर बेचते हैं। जिससे उनका जीवन यापन होता है। लेकिन कबाड़ खरीदने वाली दुकानों को प्रशासन ने बंद कर सील कर दिया है, ऐसे में उनसे कबाड़ नहीं खरीदा जा रहा है। इसके कारण अब उनके और उनके परिवार के सामने भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि उनका भरण पोषण इस कार्य से



होता है। लिहाजा तत्काल दुकानों को खुलवाया जाए।

### 30 जून से करेंगे धरना

ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया है कि दुकान नहीं खुलवाने की स्थिति में 30 जून को मुख्यमंत्री निवास के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी पूरी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। वहीं इस मामले में एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की गई है।

## राजेन्द्र सिंधी को 37 साल पहले चूना भट्टे में जिंदा जला दिया था

# किस्सू तिवारी को हत्या के मामले में कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुख्यात अपराधी किस्सू तिवारी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय ने घटनाक्रम के 37 साल बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी किस्सू तिवारी काफी समय से फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस ने आरोपी को 22 मई को अयोध्या से गिरफ्तार कर कटनी न्यायालय में पेश किया था। न्यायालय द्वारा मंगलवार को किस्सू तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

राजेंद्र उर्फ देऊ सिंधी से मारपीट कर भट्टे में फेंक कर किस्सू तिवारी ने 31 दिसंबर 1986 की रात में उसकी हत्या कर दी थी। 2 जनवरी 1987 को भट्टे में उसका शव पाया गया था। आरोपी किस्सू तिवारी के कटनी के अलावा जबलपुर व इंदौर में भी अपराध दर्ज है। किस्सू तिवारी पर हत्या, अपहरण, हत्या के प्रयास सहित 22 मामले दर्ज है।

चूना भट्टे में युवक को फेंक कर हत्या के मामले पर 37 साल बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया है। कुख्यात अपराधी किस्सू तिवारी को पंचम अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। किस्सू ने युवक का अपहरण कर उसे जिंदा चूने के भट्टे के डाल दिया था।

जिले के कुख्यात अपराधी किस्सू उर्फ किशोर तिवारी पर एक युवक का अपहरण कर उसे जिंदा चूने के भट्टे में डाल देने के मामले में जिला न्यायालय में सुनवाई चल रही थी। सोमवार को मामले में फैसला आने की संभावना थी। सुबह से जिला न्यायालय में पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर बाद न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए किस्सू तिवारी को मामले में जहां दो धाराओं में दोषमुक्त किया है तो वहीं हत्या के मामले में उसे दोषी पाया है। न्यायालय में मामले का फैसला सुरक्षित रख लिया था।

किस्सू तिवारी पर हत्या, अपहरण, हत्या के प्रयास सहित 22 मामले दर्ज किए है। सिमें कटनी के अलावा जबलपुर व इंदौर में भी उसने अपराध किए थे। कोतवाली थाना क्षेत्र के वर्ष 1987 में राजेन्द्र डेऊं नामक युवक को किस्सू उसके घर से पार्टी के लिए लेकर गया था और खाना खाने के बाद ढाबे में उसके साथ मारपीट की थी। साथ ही दस किमी. दूर ले जाकर चूने के जलते भट्टे में उसे झोंक दिया था। दूसरे दिन उसका जला हुआ शव भट्टे से पुलिस ने बरामद किया था।

2021 में डेऊ की हत्या में सजा सुनाने के दौरान फरार हो गया था। 2015 में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था और उसके बाद वह जमानत पर छूटा था। वर्ष 2021 में डेऊ की हत्या के मामले में उसे जब न्यायालय सजा सुनाने वाली थी तो वह फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी और हाईकोर्ट के दबाव के चलते कुछ दिन पहले ही उसे उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह अयोध्या उप्र में रामलला के दर्शन करने पहुंचा था।

## लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री से तीन दिन में जवाब तलब

# बिना अनुमति मुरूम के उत्खनन की दे दी परमीशन, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोक निर्माण विभाग कटनी में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही विवादों में घिरी हुई लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह की मनमानी का एक और प्रमाण उस समय सामने आया जब कलेक्टर अवि प्रशाद ने उन्हें बगैर किसी विभाग की अनुमति लिए सड़क निर्माण कंपनी को सरकारी जमीन पर अवैध मुरूम के उत्खनन करने की परमिशन देने का दोषी पाया। कलेक्टर श्री प्रसाद के द्वारा सड़क निर्माण कंपनी को गलत तरीके से अवैध मुरूम उत्खनन करने की परमिशन देने के मामले में लोक निर्माण विभाग कटनी कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह को नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के अंदर लिखित रूप से जवाब प्रस्तुत करने के साथ यह भी पूछा है कि इस तरह की कितनी अनुमतियां उनके द्वारा जारी की गई हैं। उसकी भी जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

### यह है मामला

लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह के द्वारा 4 अप्रैल 2024 को मेसर्स श्रीरेल रोड प्राइवेट लिमिटेड 78 रोड प्रताप विहार कलवार रोड जोथतवारा जयपुर राजस्थान को झिंझरी, बिलरी, देवगांव से घुसुरपुर पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई 5.40 किलोमीटर निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस निर्माण के लिए ग्राम पौड़ी के शासकीय भूमि के खसरा क्रमांक 1053/2 के अंश भाग में मिट्टी मुरूम का उत्खनन कर मार्ग निर्माण कार्य में 7000 घन मीटर मिट्टी मुरूम के उपयोग हेतु अनुमति लोक हित में दी गई है।

### उत्खनन की नहीं ली अन्य विभागों से अनुमति

मध्य प्रदेश गौड़ खनिज 1996 के नियम 68 के अनुसार मुरूम एवं साधारण मिट्टी उत्खनन की अनुज्ञा दिए जाने के पूर्व खनिज, राजस्व तथा वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त की जाती है। लेकिन लोक निर्माण विभाग कटनी की कार्यपालन यंत्री श्रीमती शारदा सिंह के द्वारा उक्त विभागों से अनापत्ति प्राप्त किए बगैर ही कंपनी को निर्माण कार्य के लिए मिट्टी और मुरूम के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की अनुमति प्रदान कर दी गई।

### उजागर हुई लापरवाही

लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री श्रीमती शारदा सिंह ने इस तरह की अनुमति प्रदान करके शासकीय कार्य में पदीय दायित्व का निर्वहन नियम अनुसार नहीं किया। तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने इस संबंध में लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के अंदर लिखित रूप से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कलेक्टर श्री प्रसाद ने यह भी पूछा है कि उन्होंने इस तरह की और कितनी अनुमतियां दी हैं, उसकी जानकारी भी कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि 3 दिन के अंदर लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री के द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता या फिर जवाब संतोषप्रद नहीं होता तो फिर मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत उनके खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी हो सकती है।

### जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 28 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला रोगी पशु कलयाण समिति कटनी की बैठक 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले मे पशु कल्याण समिति , मोबाईल व्हीकल यूनिट के अंतर्गत संचालित 7 एम्बुलेंस के संचालन एवं रखरखाव व्यय सहित रोग अन्वेषण प्रयोगशाला हेतु आवश्यक उपकरण एवं उनपर होने व्यय के संबंध में चर्चा की जायेगी। समिति के सचिव एवं उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग आर.के.सिंह ने अध्यक्ष जिला कृषि स्थाई समिति, अशासकीय सदस्य संतोष सोनी एवं राजू जायसवाल सहित एसपी वन संरक्षक, निगमायुक्त आदि से बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।




## अपराधों पर नियंत्रण रखने एवं बदमाशों पर कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन ने पुलिस अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी की गूगल मीट वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मीटिंग ली। एसपी रंजन ने लंबित अपराध का निराकरण, लंबित चालान का निराकरण, लघु अधिनियम कार्यवाही हेतु दिए गए टारगेट पर कार्यवाही, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही हेतु दिए गए टारगेट पर कार्यवाही, धारा 420 आईपीसी के लंबित अपराधों का निराकरण, धारा 173 (8)सीआरपीसी के लंबित अपराधों का निराकरण, नवीन आपराधिक कानून के प्रशिक्षित हुए अधिकारियों/कर्मचारी, नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु थाना स्तर पर प्रबुद्धजनों के कार्यक्रम आयोजन की जानकारी, गोवंश परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी कार्यवाही संबंधी विषय के अतिरिक्त अन्य विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंस ली। वीडियो कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा अपराधों पर नियंत्रित करने क्षेत्र में बदमाशों पर सख्त कार्रवाई करनी एवं लगातार क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग करने निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप



### बगैर लायसेंस के किया जा रहा था व्यवसाय

**कटनी।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत एसडीएम प्रदीप मिश्रा,तहसीलदार एस बी सिंह की उपस्थिति में बरगवा स्थित चक्रवर्ती ब्रदर्स फ्रूट कंपनी में निरीक्षण किया गया । मौके पर गोडाउन में केला, सेव,आम,डेट्स वगैरह का थोक संग्रह विक्रय के लिए पाया गया। इस व्यवसाय का एफ एस एस ए आई लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन रिटेल व्यवसाय का पाया गया । जो कि स्टोरेज ,थोक संग्रह ,भंडारण के लिए मान्य नहीं है। अतः इस फर्म का बिना लाइसेंस का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। फर्म के गोडाउन में विक्रय के लिए रखे डेट्स का नमूना जांच हेतु लिया गया है।जो राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। इसी क्रम में गोल बाजार स्थित संजय सेल्स में निरीक्षण किया गया यहां पर भी एफ एस एस ए आई लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन नही पाया गया।बिना लाइसेंस का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।कारवाई निरंतर जारी रहेगी।कारवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा भी उपस्थित थे।

### घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बरगवां में एक ई रिक्शा पलटने से चालक घायल हो गया जिसकी मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि माधव नगर निवासी अनमोल पिता चंदू कुशवाहा (20) ई रिक्शा चलाता था। सोमवार रात को वह शहर से अपने घर माधव नगर लौट रहा था। तभी एक गाय को बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए अनमोल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

### लापता बालकों को मुंबई से किया दस्तयाब

**कटनी।** लापता हुए तीन बालकों को कुठला पुलिस ने मुंबई से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी अनुसार बालकों के अचानक लापता हो जाने के बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू की। कुठला पुलिस ने कटनी से लापता हुए तीनों बालकों को मुंबई से दस्ते आप कर उनके परिवार जनों को सौंप दिया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के द्वारा अपहृत बालक, बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कुठला क्षेत्र से अपहृत बालको को सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत दस्तयाब किया गया है। दस्तयाबी उपरांत अपहृत बालिका एवं बालक को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृता की दस्तयाबी में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह सहित अन्य स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

### सांप के काटने से मासूम बालक की थम गई सांसें

**कटनी।** बारिश के इस मौसम में जहरीले कीड़ों व सांप के काटने के मामले आये दिन सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगुआ निवासी शिव कुमार बैगा के 3 वर्षीरू पुत्र कृष्णा को गत दिवस सर्प ने काट लिया। हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई।

## नियमों को किया जा रहा दरकिनार, कार्यवाही में हो रही अनदेखी

# जुगाड़ एवं सेटिंग से अनफिट बसों में यात्रियों के जीवन से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कमाई के फेर में बस संचालक जुगाड़ का खेल खेलकर सड़को पर खटारा बसों को दौड़ाकर लोगो की जान से खेल रहे है। इस तरह सफर लोगो की मजबूरी है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है।

बसों में सुगम व सुरक्षित सफर के उद्धेश्य से शासन द्वारा नई परिवहन नीति के तहत बस संचालको को अनेक दिशा निर्देश जारी किये गये है लेकिन जिले में किसी एक फरमान पर भी अमल होता नही दिख रहा है। यात्री बसों का संचालन वही पुराने ढर्रे पर चल रहा है। नतीजन आये दिन हादसे के आम है। बस संचालन को लेकर बस संचालको की अपनी पीड़ा है जबकि बढ़ती शिकायतो के मददेनजर शासन द्वारा नई गाईडलाइन जारी की गई है। निजी यात्री बसों में सफर के दौरान महिला यात्रियों से छेड़छाड़ के अलावा ओवरलोडिग, सामान की चोरी, लेटलतीफी, परमिट छोड़ दूसरे रूट पर दूसरी बस भेजना, गन्तव्य तक न जाना या आगे से संचालन जैसी अनेक विसंगतियां है। बस संचालन में बढ़ती विसंगतियों और शिकायतों के मददेनजर शासन द्वारा प्रत्येक यात्री बस में सीसीटीवी कैमरा व जीपीएस सिस्टम अनिवार्य किया गया है। जारी दिशा निर्देशो का बसों में अमल नजर नही आ रहा है।

शासन द्वारा प्रत्येक यात्री बसों में सीसीटीवी कैमरा लगवाया जाना अनिवार्य किये जाने के साथ ही जीपीएस सिस्टम को आवश्यक किये जाने से न सिर्फ यात्री बसों में ओवरलोडिग पर नकेल कसेगी बल्कि बस की लोकशन भी ली जा सकती है। बस के अंदर यात्रियों का रखा सामान भी सुरक्षित रखेगा। यात्रा दौरान किसी सामान की चोरी हो जाती है या गुम जाता है तो बसों में लगे सीसीटीवी कैमरो से पतासजी में मदद मिलेगी। इतना ही नही यात्रा के दौरान महिला यात्रियों से छेड़खानी या गलत हरकत किये जाने वाले शोहदो की भी नकेल कसी जा सकेगी। हादसे की वजह भी स्पष्ट हो सकेगी। वाहन संचालन की गति भी नियंत्रित होगी। कुल मिलाकर बस संचालन में होने वाली गफलत उजागर होगी।

शासन द्वारा जारी की किये नये निर्देशो का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में बस संचालक अभी तक आगे नही आ रहे है न ही परिवहन विभाग की ओर से किसी तरह की अधिकारिक पहल की जा रही है। बस संचालक भी बसों में सीसीटीवी कैमरा व जीपीएस सिस्टम लगवाने के प्रति ज्यादा इच्छुक नही दिख रहे है। हालांकि दोनो ही सूरतेहाल में बस संचालको को ही फायदा है। बस संचालन नियंत्रित होने से अनावश्यक परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। फिलहाल ऐसा लगता है कि केवल आदेश जारी होने से कुछ नही होना वाला। कार्यवाही के लिये सड़क पर ही अमले को उतरना होगा।

### दौड़ती है दो सैंकड़ा बसें

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय से 5 दिशाओं में लगभग 200 यात्री बसे नियमित रूप से विभिन्न मार्गो पर दौड़ती है। इन मार्गो पर नई पुरानी सभी तरह की बसों का संचालन किया जा रहा है। बस संचालन के दौरान अनेक असुविधाओं के साथ ही तमाम तरह की शिकायतें सामने आ रही है। कटनी से वाया विगढ़ कैमोर, वाया मझगवां, बसाड़ी बरही, गैरतलाई, कटनी से रीठी, बांधा इमलाज, कटनी से खमतरा, सिलौड़ी, उमरियापान, बहोरीबंद बाकल, बचैया कटनी बिलहरी की ओर, निवार पहाड़ी, पोनिया, काटी बरछेका, कुम्हरवारा गणेशपुर आदि अंदरूनी मार्गो पर संचालन हो रहा है जबकि कटनी से सीधे उमरिया शहडोल, उमरिया, सीधी, बरही मैहर, बरही सिहोरा, विलायतकलां जबलपुर, कटनी पन्ना, कटनी दमोह, कटनी जबलपुर, नागपुर के लिये भी सीधी बस सेवा है। इन मार्गो पर हजारो यात्री रोजाना सफर करते है। पुराने तरीके से बस संचालन की वजह से षिकायते आम है।

# पर्यटन स्थलों सहित आस्था के केन्द्रों की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी के स्वर्णिम अतीत और समृद्धशाली वर्तमान सहित जिले की सांस्कृतिक, विरासत से समूचे देश को परिचित कराने 10 जून से आयोजित की जा रही कटनी को जानें ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता ने अपना पूरा पड़ाव पार कर लिया है। करीब 10 दिनों तक आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता को देश भर से उत्साहजनक प्रतिसाद देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि कटनी को समूचे देश के पटल पर एक ब्रांड की तरह प्रस्तुत करने कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद की विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा इनटेक चौप्टर कटनी के सहयोग से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता के दौरान 10 जून से लेकर 24 जून 2024 तक देश के कोने-कोने से 4 हजार से अधिक प्रतिभागियों नें हिस्सा लिया। वहीं कुछ प्रतिभागी कटनी जिले की सीमा से बाहर अन्य जिलों और राज्यों से इस प्रतियोगिता में शामिल होकर कटनी को करीब से जाना। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने प्रतिभागियों में उत्साह नजर आया।

प्रतियोगिता के तहत आज सोमवार 24 जून 2024 को प्रतिभागियों को कटनी जिले के महत्वपूर्ण मंदिरों कटनी से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित 40 वर्षो से धार्मिक पर्यटन स्थल के साथ आस्था और विश्वास का केन्द्र रीठी के मोहास स्थित संकटमोचन मंदिर की तथा यहां की विशेषताओं के साथ ही कटनी से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बड़ेरा घाम स्थित चतुर्युग मंदिर की अलग अलग युग को समर्पित मंजिलों के संबध मे जानकारी साझा की जायेगी।

### इन्होंने जीती प्रतियोगिता

प्रतियोगिता के अंतिम दिन ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के परिणाम मंगलवार की सुबह घोषित किए गए। जिसमें ग्राम नया खेड़ा रीठी निवासी अंकित जैन ने प्रथम, माधव नगर की पारूल पाण्डेय ने द्वितीय एवं तहसील ढ़ीमरखेड़ा के ग्राम सिलोंड़ी निवासी अक्षय कुमार राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि माई नदी गायत्री निवासी राखी धुरिया एवं बड़वारा निवासी ओम नायक ने एक- एक सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## दिनों दिन बढ़ती वाहन संख्या से बढ़ रही परेशानी

# तिपहिया वाहनों का रूट तय नहीं होने व अतिक्रमण से यातायात हो रहा अवरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में सुगम यातायात बड़ी ही टेढी खीर साबित हो रहा है। प्रशासनित स्तर पर कार्यवाही नहीं होने के चलते आम नागरिकों सहित वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शहर के अति व्यस्ततम मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण के चलते न सिर्फ आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि जाम की समस्या से भी वाहन चालक व आम राहगीर परेशान हो रहे हैं। दुकानदारों को सामान हटाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हिदायत भी दी जाती है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं होता। न ही कहीं फुटपाथ खाली हुआ है और न ही कहीं सड़क पर रखी दुकान सामग्री को हटाने के लिए कोई तैयार है।

नगर में सुगम यातायात की दिशा में ई रिक्शा व आटो की बढ़ती संख्या भी परेशानियों में से एक है। आटो व ई रिक्शा चालकों का रूट निर्धारित करने योजना बनाई गई थी हालांकि आज तक इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं क गई है।

### वाहनों की बेतरतीब पार्किंग

नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है। फुटपाथी व्यवसाइयों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने कार्यवाही के नाम पर कभी कभार सख्त कार्यवाही का दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग अब निडर हो गये है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। फुटपाथ तक दुकानें सजी हैं। उनके लिए यह चेतावनी अब आम बात हो गई है।

### इन जगहो पर है अतिक्रमण

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी

## रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



निवार में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम सीजन का समापन कार्यक्रम सोमवार रात को संपन्न हुआ फाइनल मुकाबले में शौर्य इलेवन ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का निर्णय लिया हंटर बॉयज निवार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जित्तू 21 मासूम 15 आकाश 14 की मदद से 10 ओवर में 82 रनों का स्कोर खड़ा किया। गेंदबाजी में रोहित ने 3 विकेट एवं आदर्श सिंह, गोलू और सौरभ को 1-1 विकेट मिला। जवाब में शौर्य इलेवन निवार की धारदार गेंदबाजी के सामने 59 रन ही बना सकी जिसमें गोलू 20 एवं रोहित 18 ने योगदान दिया गेंदबाजी में मनीष सिंह ने सर्वाधिक 3 विकेट एवं आशीष और जित्तू को 1-1 विकेट मिला। फाइनल मैच में शानदार पारी के लिए मनीष सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैन ऑफ़ द सीरीज शुभम ग्रोवर , बेस्ट बॉलर ऑफ़ द टूर्नामेंट रोहित शोर्य बेस्ट बैट्समैन ऑफ़ द टूर्नामेंट शुभम ग्रोवर को दिया गया।

# साइकिल सवार को टक्कर मारकर भाग रहा ट्रक पलटा, चालक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर विजयराघवगढ़ मार्ग पर गत दिवस एक ट्रक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, इसके बाद वह भागने लगा लेकिन चालक ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि कंडक्टर को भी चोटें आईं। जानकारी अनुसार सीमेंट से लोड ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 2921, कैमोर से कटनी की तरफ जा रहा था। जब ट्रक विजयराघवगढ़-कैमोर मार्ग पर देवरी मझगवां के आगे पहुंचा तो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चला कर वहां से गुजर रहे साइकिल सवार तिलक चौक निवासी शोभाराम रजक को टक्कर मार कर घायल कर दिया। साइकिल सवार को टक्कर मारकर जब चालक ट्रक लेकर भाग रहा था तभी मोड़ के समीप वाहन बेलगाम हो कर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक अमरैयापार निवासी विपिन सिंह गौंड पिता हरी सिंह गौंड उम्र 28 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं चालक मुकेश सिंह पिता मनसुख सिंह निवासी अमरैयापार भी घायल हुआ। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेजा गया जहां ट्रक चालक की गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना में घायल हुए साइकिल सवार शोभाराम रजक को भी रेफर कर दिया गया जबकि ट्रक के कंडक्टर को मामूली चोटें आने के कारण उपचार के बाद घर भेज दिया।

## भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन, कांग्रेस पर साधा निशाना

# आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसा बंदियों एवं परिजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




भाजपा जिला कार्यालय में आपातकाल की 50वीं बरसी पर मीसाबंदियों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को दूरभाष पर संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि आज के दिन ही कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की थी, आपातकाल के दौरान मीसाबंदियों ने जो संघर्ष किया जीवन की समस्याओं को सहा उसी का परिणाम है कि देश में और 22 राज्यों में भाजपा की सरकारें है। लोकतंत्र की हत्या कर निर्दोषों को जेल में रखने वाली कांग्रेस आज नैतिकता की दुहाई दे रही है।

इस दौरान मीसाबंदी संतोष असाटी एवं मीसाबंदियों के परिवारजन श्रीमती अलका जैन, समीर बैनर्जी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद ने आपातकाल के उस कठिन वक्त को बताया कि किस तरह उन्हें और उनके परिजनों को जेल भेजा गया। संस्मरण बताते मीसाबंदी परिजनों का गला रुंध गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि कांग्रेस आज संविधान और लोकतंत्र को खतरे में पड़ने का ढिंढोरा पीट रही है। कांग्रेस और उसके नेता यह भूल जाते हैं कि कांग्रेस ने आपात काल जैसा काला धब्बा इस देश के देशभक्तों पर लगाया है जिसे सदियों तक मिटाया नहीं जा सकता। 25 जून 1975 का वो काला दिन जब कांग्रेस की अत्याचारी सरकार और उस समय की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पूरे देश मे आपातकाल लागू कर सरकार के विरुद्ध बोलने वाले निर्दोषों को जेल में बंद कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को कोई खतरा नहीं है। झूठा प्रचार-प्रसार जो कांग्रेस और उसके सहयोग दल कर रहे हैं हमें उसका सच बताना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित मीसाबंदी संतकुमार असाटी, संतोष असाटी, विजय टीपा, रमेशचंद्र जैन, सुरेशचंद्र जैन, देवीदीन चौरसिया, गया प्रसाद चौरसिया, द्वारिका सोनी एवं स्व मेहरचंद शर्मा, स्व विभाषचंद्र बैनर्जी, स्व विपिन बैनर्जी, स्व प्रेमचंद चेलानी, स्व दयालदास रोचलानी, स्व केएम पुरवार, स्व कालूराम जायसवाल, विश्वजीत चेलानी के परिवारजनों का सम्मान भाजपा के वरिष्ठजनों ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष रणवीर कर्ण ने किया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्यायें, निराकरण के लिए दिये निर्देश

# पेयजल समस्या तो किसी ने बच्चे की टीसी नहीं देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी के जनसुनवाई हाल में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान मंगलवार 25 जून को कलेक्टर अवि प्रसाद ने नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी।उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदन लिये और समय-सीमा में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया तथा जिन समस्याओं का निराकरण मौके पर नही हो सका उन्हे विशेष समीक्षा में दर्ज करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को जनसुनवाई के दोरान कुल 177 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत तिगवा के दिव्यांग रामसनेह लोधी द्वारा भरण पोषण हेतु शासन द्वारा प्रदान की जानें वाली योजना का लाभ प्रदान करने प्रस्तुत आवेदन पर समाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को पात्रतानुसार योजना का लाभ प्रदान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान प्रार्थी रामकरण मिश्रा द्वारा कलेक्टर श्री प्रसाद को अवगत कराया गया कि उसकी बच्ची हर्षिता दुबे के आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट संबंधी समस्या के कारण आधार कार्ड नहीं बन पानें तथा स्कूल मे दाखिला करानें में परेशानियों का सामना करने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को हर्षिता के आधार कार्ड में आ रही समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। आवेदिका पूजा गुप्ता द्वारा जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उसके दो बच्चे ऋषि गुप्ता एवं ऋषिका गुप्ता जैन नर्सरी बालाजी नगर में पढते है। आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण कोरोना काल मे बच्चों की फीस नही चुकाने के कारण बच्चों की अंकसूची एवं टी.सी प्रदाय नहीं की जा रही। कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण मे नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

आधारकाप राम जानकी मंदिर निवासी काजल सोंधिया द्वारा विगत पांच वर्षो से पानी की समस्या से जूझनें और घर के आस-पास हैंडपंप या पेयजल का कोई अन्य साधन न होनें की जानकारी प्रदान की जाकर पानी की समस्या के निराकरण हेतु पाईप लाईन चालू करानें अथवा अन्य उपाय खोजे जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत कलेक्टर द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को प्रकरण पर उचित कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए।

कृपाल सिंह निवासी ग्राम करहिया के भूमि अधिग्रहण का भुआवजा प्रदान करने संबंधी आवेदन पर भू- अर्जन अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए वहीं आवेदक धीरज सोनी की ग्राम मतवारी तहसील कटनी मे विद्युत के तार टूटनें एवं टेढे.होने के कारण शार्ट सर्किट होने की समस्या के निराकरण हेतु उर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आवेदिका मन्नूबाई राठौर ग्राम भनपुरा नंबर -1 बडखेरा द्वारा अपनें विकलांग पुत्र लवकुश राठौर की कक्षा आठवी के बाद की शिक्षा हेतु सी.डब्ल्यूएसएन विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर छात्र की शिक्षा और उज्जवल भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सामाजिक न्याय विभाग को कार्यवाही करनें अधिकारियों को निर्देश दिये।



# 17 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 5100 रूपए का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर कोतवाली पुलिस ने चालानी कार्यवाही की गई है। गायत्री नगर क्षेत्र में जांच अभियान के दौरान वाहनों के दस्तावेजो की सघन जाँच की गई। कमियां पाये जाने पर 17 वाहनों के चालान काटे गये। जानकारी अनुसार एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ. एडि एसपी संतोष डेहरिया व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के निर्देशन कोतवाली थाना मे पदस्थ ए.एस.आई शशि भूषण द्वारा बताया गया कि आज दोपहर दो पहिया व चार पहिया वाहनो के दस्तावेजों की सघन जाँच कार्यवाही गायत्री नगर पुलिया के पास लागाई गई जिसमे 17 वाहन चालको के पास पूर्ण दस्तावेजो की कमी पाई गई जिनके विरुध चलानी कार्यवाही की गई और लगभग 5100 रुपये राशि वसूल किये गए।

**खबर संक्षेप**

## छत्रसाल महाविद्यालय में एसबीआई लाइफ द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन

**पन्ना।** शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना द्वारा प्राचार्य डॉं. एस. पी. एस. परमार के नेतृत्व एवं संरक्षण में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश शासन के रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के अंतर्गत एसबीआई लाइफ द्वारा प्लेसमेंट किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। पद का नाम - ळतंकनंजम "समे ज्तंपदमम (ळैज) हैं। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक उत्तीर्ण छात्र एवं स्नातकोत्तर के छात्र शामिल होंगे। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री सिद्धू सिंह, संयोजक डॉं. बी. एन. जायसवाल एवं सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी द्वारा सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने रिज्यूम एवं सभी शैक्षणिक दस्तावेज, अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ औपचारिक पहनावे में दिनांक 26 जून 2024 दिन बुधवार को प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय के मुख्य भवन (कला एवं वाणिज्य भवन) के मुख्य हाल में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो।

## जनसुनवाई में आए 114 आवेदन

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने आम लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 114 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### व्यवस्थित करने की ओर बिजली कंपनी का ध्यान नहीं

# मुख्य रास्ते में लटक रहे बिजली के तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कंजई मानगढ़ के मुख्य रास्ते में लटक रहे बिजली के तारों को ग्राम वासियों की अनेकों शिकायतों के बावजूद व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। आज ग्राम उप सरपंच राहुल राय के ट्रैक्टर में बिजली लाइन के तार टच होते होते बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही बिजली तार ट्रैक्टर के हुड में फंस गया और ट्रैक्टर की बॉडी में करंट नहीं दौड़ पाया। ग्राम के उप सरपंच राहुल राय, मुकेश राय, शारदा राय, भरा राय ने बताया की इस तरह से आए दिन बिजली के लटकते तारों से हादसे हो रहे है। बावजूद बिजली विभाग के जिम्मेदारों अधिकारियों कर्मचारियों की नींद नहीं टूट रही है। मुख्य रास्तों से गुजरने वाले ट्रैक्टर बड़ी वाहनों में लटकते बिजली तार टच होने का खतरा बना रहता है। किसान बांस बल्लियों सहारे पहले लटकते बिजली तारों को ऊंचा करते फिर कहीं जाकर ट्रैक्टर निकलते हैं बिजली तारों को सुरक्षित व्यवस्थित करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अनेकों बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं और लटकते बिजली तारों को दुरुस्त नहीं कर रहे है।

## एफ.एल.एन. की बारीकियां को जानना जरूरी



**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार अंतर जिला जनशिक्षक प्रशिक्षण अंतर्गत शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा के तत्वाधान में शासकीय राघवेंद्र सिंह हजारी महाविद्यालय हटा में नरसिंहपुर जिले के जनशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है कक्षा एक,दो एवं कक्षा तीन चार में जनशिक्षकों को बुनियादी साक्षरता के संदर्भ में गतिविधियों से अवगत करवाने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षक संदर्शिका के अध्ययन की आवश्यकता, उसमें उल्लेखित गतिविधियों का विद्यार्थियों को वितरित की गई अभ्यास पुस्तिकाओं से अंतर्संबंध एवं पाठयपुस्तकों के साथ मेपिंग की प्रक्रिया से स्वागत कराया जा रहा है।प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने जनशिक्षकों को पूरी प्रक्रिया का सेतु बताते हुए अपना कार्य पूरी तन्मयता से करने को कहा। महाविद्यालय हटा के प्राचार्य श्री पीके ढाका ने लर्निंग सिद्धांत की व्याख्या करते हुए सीखने, सिखाने को प्रखर बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण दो कक्षों में आर पी विश्वकर्मा,प्रशिक्षण प्रभारी ए के सिंह,एफएलएन प्रभारी अरुण पटेल,गोविंद सोनी,सुरेंद्र नेमा,दिनेश नेमा,माधव पटेल,दिनेश प्यासी द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

## जैन मिलन ने प्रारंभ किया बीज बम का वितरण



**दमोह।** जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरियाली से खुशहाली अभियान प्रारंभ किया है। भगवान महावीर स्वामी 2550वें निर्वाण महोत्सव बर्ष अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की श्रंखला में पीपल,नीम,बरगद और इमली के बीजों से निर्मित वाल जिन्हें बीज बम नाम दिया गया है का वितरण प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम के सैयोजक सचेंद्र जैन ने बताया कि इस बर्ष वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए जैन मिलन परिवार ने नूतन प्रयोग किया है जिसमें उन्नत बीजों को मिट्टी,खाद ऐवं गोवर की वाल के अन्दर बीज को रखकर कड़ी धूप में सुखाया गया है। अव उन वालों को हम वितरण कर रहे हैं। इस निवेदन के साथ की रोड किनारे जहां मिट्टी हो और पानी ऐवं धूप मिल सकती है। वहां इसे फेंक दीजिए बरसात का पानी मिलने पर उन बीजों में अंकुरण हो जायेगा और जिस स्थान पर वह बीज पड़ा है वहीं जम जायेगा। ऐसा करने पर हम इन पौधों से बिना किसी महनत के भी पौधारोपण कर सकते हैं। इसी वीज बम वितरण अभियान का आज शाखा द्वारा पूर्व बित्त मंत्री और दमोह के विधायक जयंत मलैया जी को शीडवाल बीज बम का पैकेट भेंट किया और उन्हें जब दमोह से बाहर जायें तो उपयोग करने का अनुरोध किया इस अवसर पर पूर्व बित्त मंत्री ने जैन मिलन के प्रयास की सराहना की और समाज सेवा के क्षेत्र में नूतन प्रयोग करने वाली संस्था बताया आगामी वर्षा काल में अधिक से अधिक लोगों को यह बीज बम देकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए जैन मिलन द्वारा प्रेरित किया जाएगा।

## पानी भी बैंक बैलेंस की तरह बचाके रखें वरना ये भी जमीन से खत्म हो जाएगा-डॉ. बसंत यादव

**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण विकास समिति द्वारा ग्राम महगुवां खुर्द के लोगों की दैनिक समस्याओं को कैसे कम किया जा सकता है इस संबंध में एक संगोष्ठी की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ बसंत यादव असिस्टेंट प्रोफेसर आईआईटी रुड़की को बुलाया गया जिसमें संस्था जीबीएस डायरेक्टर गोविंद यादव के निर्देशन में गांव के लोगों को गांव में महुआ के पेड़ के तले एकत्रित किया गया। लोगों ने पानी, बिजली ,रोजगार और शिक्षा तथा राशन से संबंधित समस्याएं बताई। ग्रामवासियो को डॉक्टर बसंत यादव ने बताया कि जमीन में जल स्तर घटता जा रहा है जिसको बचाए रखने के लिए हम सबको पानी का संतुलित उपयोग करने और जल संवर्धन करने के लिए कहां गया। साथ ही पानी के लिए बैंक बैलेंस का उदाहरण देकर बताया कि बैंक खाते में यदि हम पूजी जमा नहीं करेंगे और उसमें से निकालते जाएंगे तो कितना ही बड़ा अमाउंट क्यों ना हो लेकिन उसमें भी कमी आएगी इसी प्रकार पानी है जिसको लेकर हमें वर्षा के जल को रोकना होगा और अभियान के तौर पर हम सबको मिलकर पानी बचाना और पेड़ पौधों को लगाने का संकल्प लेने की बात की गई। जिससे पानी एवं शुद्ध हवा की जो कमी आती जा रही है उसकी पूर्ति हो संगोष्ठी में जीवीएस डायरेक्टर गोविंद यादव ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और लोगो से आग्रह किया कि हम बच्चों को पढ़ने का अवसर दें और प्रोत्साहित भी करें। लोगो द्वारा बताया गया कि गांव में जल जीवन मिशन की पाईप लाईन डली है लेकिन पानी नही आ रहा है। जिसमे एलएनटी कंपनी के वाल ऑपरेटर ने कहा कि बीच गांव में एक बाल लगनी है जो कल आई है अभी काम चल रहा है आज शाम तक पूरे गांव में पानी पहुंच जाएगा संगोष्ठी में ग्राम के लगभग दर्जनो लोग महिला पुरुष सहित उपस्थित रहे, और जीवीएस टीम से जेपी वर्मा, धर्मदास पाल, राजेश सिंह, ज्योति राव, भागीरथ केवट, दीपिका ठाकुर शिखा ठाकुर फूलवती विश्वकर्मा ने लोगों को एक करने में सहयोग किया।

## गैसाबाद पहुंची विधायक जन भागीदारी से बन रहे शिव मंदिर में दिया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



क्षेत्र के दौरे पर निकली स्थानीय विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक आज ग्राम के श्री रामकुमार मंदिर परिसर में पहुंची जहां पर उन्होंने श्री राम तलैया के सौंदर्य करण को लेकर तलैया किनारे हुए अतिक्रमण एवं प्राचीन श्रीराम कुमार मंदिर के जीर्णोद्धार किये जाने का जायजा लिया। मंदिर परिसर में पहुंची विधायक का स्वागत ग्रामीण जनों द्वारा फूल मालाओं से किया गया। जन भागीदारी से तलैया किनारे बन रहे श्रीशिव मंदिर निर्माण में विधायक जी ने ₹11000 सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर श्रीराम कुमार मंदिर में बैठक आयोजित की गई जिसमें नायब तहसीलदार शिवराम चडार द्वारा मंदिर विकास की कार्य योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। बैठक में लक्ष्मण तिवारी ने भी अपने विचार रखें, उपस्थित जनसमूह की उपस्थिति में विधायक श्रीमती खटीक ने मंदिर परिसर में विधायक निधि से एक मंगलभवन का निर्माण कराये जाने की घोसड़ा की, बैठक में विधायक उमादेवी खटीक के मीडिया प्रभारी अतुल पन्या रामकुमार मंदिर समिति के अध्यक्ष मानबहादुर श्रीवास्तव मंदिर के पुजारी गणेश पांडे सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार राजकिशोर चौरसिया रणधीर दहिया जितेंद्र चौरसिया मुकेश पटेल धीरेंद्र पांडे नरेंद्र रजनीश सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

**इनका कहना है**

श्रीराम तलैया के सौंदरीकरण हेतु तलैया की साफ सफाई कर तलैया किनारे किए गए। अतिक्रमण को हटाया जाना है जिसमें सात लोगों के नोटिस तैयार किए गए हैं। जिसमें गनेश सोनी कमलेश महदेले शंकर विश्वकर्मा जिमी नगरिया मस्तराम नामदेव आदि के नाम है अतिक्रमण हटाए जाने के बाद श्रीराम तलैया का सौंदर्य करण किया जाएगा।

**शिवराम चडार**

# बलिदान दिवस पर किया दुर्गावती जी को याद



**झलौन।** तहसील से लगभग 20 कि.मी.ग्राम झलौन मे भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा तेन्दूखेडा के सेक्टर झलौन में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर एक घण्टे की दिव्य आरती सम्पन्न की इस क्रम मे गुरूवर चालीसा, दुर्गा चालीसा, आरती की गई इसके पश्चात सेक्टर झलौन के टीम प्रमुख एवं सेक्टर प्रभारी चन्द्रप्रताप सिह ठाकुर ने मंच का संचालन कि जिसमे ब्लॉंक अध्यक्ष डॉं धीरज सिह जी ने संगठन की विचारधारा को रखते हुए रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जो हम स्वतंत्र की सास ले पा रहे है वह केवल इन्ही वीर क्रांतिकारियों की बजे से रानी के अद्मय सासक व पराक्रम के बारे मे कह पाना मुश्किल है मुगलो को अनेको बार धूल घटाने वाली रानी दुर्गावती ही थी जिन्होंने कभी गुलामी नही सही, पार्टी के जिला महासचिव भैया जगदीश सिंह जी ने समाज का आवाहन राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा, मानवता की सेवा के लिए, कहा और संगठन की विचारधारा को आत्मसात करने को कहा, समाज से नशामुक्ति अभियान मे जुडने का आवाहन किया, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉंक अध्यक्ष भैया राजेश सिह ठाकुर जी ने रानी दुर्गावती जी के चरणो मे पुष्पांजलि समर्पित करते हुये कहा की आज हर नारी को रानी दुर्गावती के जैसा बनना होगा तभी हम परातंत्र से स्वतंत्र की यात्रा कर पायेगे सिगोरगढ़ मे आज मे रानी दुर्गावती के होने का आभास होता है, अन्त मे महिला मोर्चा संगठन की ब्लॉंक अध्यक्ष बहिन बंदना ठाकुर जी ने विचार रखे, सभी का आभार ब्लॉंक सचिव BSCP अनूप सिंह ठाकुर ने किया, कार्यक्रम में प्रचार मंत्री कुशल सिह, बल्लू सिह, दशरथ सिह, राजा दुबे , महाराज सिह, लक्ष्मन सिह, आदि लोगो की उपस्थिति रही।

## साई भोपाल ने जीता हॉकी टूर्नामेंट

**दमोह।** साई ने लीग मैचो मे कोच सरोज राजपूत की कुशल रणनीति से पहले मैच मे कोलकता को को एक शून्य से दूसरे मैच मे एम पी अकादमी को दो शून्य से बिलासपुर को दो शून्य से मदूरे को दो शून्य से सेमीफाइनल मे अंतरराष्ट्रीय खिलाडियो से सुसज्जित सोनीपत टीम को एक शून्य से



पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया। कल रात खेले गये रोमांचक मैच मे दिल्ली की टीम को तीन एक गोल हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जीत मे कोच सरोज राजपूत की ईमानदार मेहनत तथा खिलाडियो ने रणनीति को अमली जामा पहनाया विदित हो कि कोच सरोज दमोह फीडर सेंटर मे पदस्थ रही है। हॉकी दमोह के विकास जैन ने पूर्व मंत्री विधायक जयंत मलैया ऐसे योग्य कोच को खिलाडियो के हित मे दमोह पदस्थ कराने की मांग खिलाडियो के साथ की है साई टीम तथा कोच सरोज को विगत दो वर्ष की आठवी उपलब्धि पर पूर्व मंत्री जयंत मलैया डॉ अजय लाल, लोकबहादुर महासचिव विजय वर्मा, उपाध्यक्ष ललित नायक, कोषाध्यक्ष जगेनदर तोमर, सहसचिव मध्य प्रदेश, आभा रोहित हरिशंकर भगवान सिंह विजय कफील आरिफ उमेश फैयाज तरूण असार विवियन इमरान आदि ने बधाई

## मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी से परखी गई गुणवत्ता

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने कार्यवाही करते हुए दमोह के वसुंधरा नगर स्थित शौर्य इंडस्ट्रीज एवं हरे नारायण नगर, सिंधी कैम्प स्तिथ ईश्वर बेकरी एवं दीपक नमकीन इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया है। शौर्य इंडस्ट्रीज से ब्रजवासी ब्रांड बेसन, ईश्वर बेकरी से रुचि ब्रांड टोस्ट एवं दीपक नमकीन इंडस्ट्रीज से चना दाल, बेसन एवं रुचि नमकीन के नमूनें जांच हेतु लिए गए। मौके पर सभी फैक्ट्री संचालकों को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य परिसरों में फ़ूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से परिसर में प्रदर्शित पाई गई। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु एक्सीलेंट बायो रिसर्च खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। मौके पर फ़ूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगे हुए पाए गए हैं। मौके पर समस्त कार्यरत कर्मचारियों को एप्रन, हेड कवर, हैंड ग्लव्स आदि के उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी फैक्ट्री संचालकों को परिसर में कच्चे खाद्य पदार्थों का समुचित भंडारण व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की सहायता से चना दाल, बेसन, मसाले एवं अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की गई है।

## भाजपा ने आपातकाल की 50 वीं बरसी पर मनाया काला दिवस

**दमोह।** जिला भाजपा कार्यालय में आपातकाल की 50 वीं वर्षी पर काला दिवस मनाया गया जिसमें जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय, कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, लोकतंत्र सेनानी संघ के अध्यक्ष निर्गुण खरे, भाव सिंह लोधी, इमरत चौरसिया, श्याम बिहारी जड़िया मंचासीन रहें। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है कि वह सत्ता बरकरार रखने के लिए असंवैधानिक तरीका अपनाती है 1975 में आपातकाल लगाना उसी का एक उदाहरण है। कॉग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां लोकतंत्र के लिए उतनी ही घातक है जितना 1975 में आपातकाल लगाना था। मुख्य वक्ता भाव सिंह लोधी ने कहा कि जब 1975 में इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया तब संविधान को निलंबित कर तानाशाही पूर्ण विपक्षी नेताओं को जेलों में बंद करवा दिया। प्रेस पर पावंदिया लगा दी। आम जनता के अधिकार छीन लिए। 25 जून 1975 का वो दिन देश के लिए काला दिन था। निर्गुण खरे ने कहा कि हम और हमारे जैसे हजारों कार्यकर्ताओं ने आपातकाल में जुल्म और अत्याचार सहन किया है। महीनों हम लोगों ने जेल में रहे। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि हमारे वरिष्ठ जिन्होंने आपातकाल की वह भीषण विभीषिका देखी और सहन की है उनके धैर्य और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण हम सभी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। विद्यासागर पांडेय ने कहा कि भाजपा ने सदैव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने का कार्य किया है। कॉग्रेस कभी संविधान और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना नहीं जानती। कार्यक्रम के सह प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री,संजय सेन, अरुण तिवारी, जिला मंत्री वर्षा रैकवार, अर्चना जैन, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र परिहार, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल,रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, पवन तिवारी, कृष्णा राज, दानसिंह लोधी, देवकीनंदन पटेल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, साजिद रिजवी, जय हजारी, महेंद्र राठौर, श्याम विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**दमोह।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिला सेवा प्रमुख अजय मिश्रा के द्वारा ग्राम पटना कुर्मी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ.रवीन्द्र मिश्रा एवं डॉ किशन अरेले द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया साथ ही मरीजों का निःशुल्क टेस्ट एवं निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया ग्राम के करीब 60 लोगो ने शिविर का लाभ लिया।

## जनसुनवाई में 364 आवेदन आये

**2 दिव्यांग हितग्राही को श्रवण यंत्र वितरित भी किया गया**

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कमरा नम्बर 10 में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन एवं कमरा नम्बर 17 में कल्याणी विवाह सहायता योजना एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना से संबंधित लंबित आवेदनों व समस्याओं के निराकरण सहित अन्य आवेदनों के लिए आयोजित थीम्स बेस्ड जनसुनवाई में समस्याओं को सुना। साथ ही उन्होंने तत्काल कार्यवाही के लिए सम्बन्धितों को दूरभाष पर त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में 364 आवेदन आवेदन आये। कलेक्टर श्री कोचर एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने दो दिव्यांग हितग्राही को श्रवण यंत्र वितरित भी किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सहभागिता निभाई।

## एकता परिषद ने निः शुल्क देशी बीज वितरित किया



**हिण्डोरिया।** जन संगठन म. प्र.एकता परिषद एवं नव रचना समाज सेवी संस्थान मोहला जबलपुर के बैनर तले आदिवासी बाहुल्य गांव नोनपानी की जरूरतमंद , गरीब महिलाओं को किचन गार्डन मे सब्जी भाजी लगाने निशुल्क देशी बीजों का वितरण किया गया। इस बारे मे एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को घरों मे नित बेकार प्रवाहित होकर बरबाद होने वाले घरेलू निस्तारू पानी के बेहतर प्रबंधन के बारे मे समझाते हुये अपने घर के पास सभी से बिना लागत वाला देशी किचन गार्डन बनाने प्रोत्साहित किया। बीज वितरण का ये कार्यक्रम जिला के कुछ चयनित गांवों की महिलाओं के बीच चल रहा है। नोनपानी मे पालक, बैंगन, लाल-भाजी, लौकी, टमाटर, मूली, धनिया, भिण्डी इत्यादि 08 किस्म के देशी सब्जी-भाजी के बीज गाँव की जीरा बाई आदिवासी, रजनी बाई, पार्वती बाई, पोथी बाई आदिवासी , मीना बाई, नीतू, मनीषा बाई, चन्द्ररानी आदिवासी, कृष्णा बाई, सरोज आदिवासी आदि ग्रामीण महिलाओं मे वितरित किये गये। इस मौके पर बतौर अतिथि देवेन्द्र दुबे, प्रधानाध्यापक प्रेम सिंह आदिवासी, सचिव नेपाल सिंह राजपूत, सहायक सचिव राजेश चौबे, शिक्षक रमेश साहू एवं अनेक महिलायें मौजूद रहीं।

## जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है-पं उमाशंकर शास्त्री

**तेंदूखेड़ा।** नगर के यादव मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई गई। भागवत कथा के व्यास कथावाचक आचार्य उमाशंकर



शास्त्री ने रासपंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। कथा के दौरान स्वामी ने ग्रामीणों को विश्व हिंदू परिषद के हितचिंतक अभियान के बारे में जानकारी देते हुए परिषद से जुड़कर राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने का आवाहन किया।

## खबर संक्षेप

### बीआरसी तेंदूखेड़ा को सोकॉज नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक तेंदूखेड़ा पी.एल. अहिरवार को 21 जून को लोकसेवा केन्द्र तेंदूखेड़ा में रोस्टर अनुसार प्राधिकृत अधिकारी ड्यूटी में निर्धारित दिवस 21 जून को अनुपस्थित रहने के आरोप में कारण बताओं नोटिस जारी किया है। उन्हें 48 घंटे के भीतर इस संबंध में जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है, अन्यथा उनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता उत्कृष्ट विद्यालय मे

**दमोह।** प्रतियोगिता मे शासकीय उत्कृष्ट ताइक्वाडो नोडल विद्यालय प्रथम स्थान पर छत्रछाया रिपब्लिक स्कूल दुतीय स्थान पर और दमोह ताइक्वांडो तृतीय स्थान पर रहा जिसमे मुख्य अतिथि माननीय जयंत कुमार मलैया विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन और जिला क्रीड़ा अधिकारी विवेक दत्त शर्मा रहे। शासकीय उत्कृष्ट ताइक्वांडो नोडल विद्यालय मे प्रशिक्षक मनीष सिंह ऑफिशियल दीपेश सेन, करण पटेल, अभिषेक सिंह, अमित रोहित, जीत साहू, हर्षा दवे, गौरव भट्ट रहे। जिसमे सभी बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया। जिसमें नोडल विद्यालय के 100 बच्चों ने भाग लिया। दमोह जिला के विभिन्न विद्यायल के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

### बांसा ट्रिपल मर्डर के गुनाहगार दूसरे दिन भी पुलिस गिरफ्त से दूर

# परिजनों ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर एसपी के आश्वासन पर किया अंतिम संस्कार

**दमोह।** देहात थाना के ग्राम बांसा में सोमवार सुबह हुए तिहरे हत्याकांड के आरोपी दूसरे दिन शाम तक पुलिस की पकड़ से दूर थे वहीं दूसरे दिन की शुरुआत हंगामा भरे हालात से हुई। मंगलवार को सुबह मृतकों के शव बांसा पहुचते ही परिजन आक्रोश जताते हुए सड़क पर आ गए। और उनके द्वारा दमोह सागर स्टेट हाईवे पर शव रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद एडिशनल एसपी तथा एसडीएम ने लोगों को समझाएं देने की कोशिश की लेकिन लोग कलेक्टर की चर्चा के बिना जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद कलेक्टर एसपी को सूचना दी गई और कुछ ही देर में कलेक्टर सुधीर कोचर तथा एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी बांसा पहुंच गए जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से चर्चा करके त्वरित कार्रवाई के आश्वासन दिए। कलेक्टर ने आरोपियों की के कब्जे पर जहां अतिक्रमण कार्यवाही की बात का भरोसा दिलाया वही होमगार्ड सैनिक के परिजन को अनुकंपा नियुक्ति तथा मृतको के परिजनों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रकरण स्वीकृत कराए जाने का आश्वासन दिया। इधर एसपी ने मामले में निष्पक्ष कार्यवाही का भरोसा दिलाया उसके बाद ही जाम प्रदर्शन खत्म हुआ और परिजन



तीनों शवो का अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए। कलेक्टर का पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से चर्चा शुरू की तो इस दौरान पीड़ित परिजनों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग भी की इस दौरान उनके द्वारा स्पष्ट रूप से मामले में संदेही के रूप में सामने आ रहे नगर के चर्चित कॉलोनाइजर पर आरोप लगाते हुए उन्हें इस हत्याकांड में शामिल होने की बात कही।

#### युवती पर भी हमला

दूसरी ओर घटना क्रम में मंगलवार को नए आरोप सामने आ गए हैं। विरोध जाता रहे परिजनों की यदि माने तो आरोपियों ने परिवार की एक युवती पर भी तीन फायर किए थे जो बाल बाल बच गई और अपनी जान बचाते हुए वहां से भागी थी। पीड़ित युवती के अनुसार वह अपने भाइयों के साथ हुई घटना के बाद जब घर की ओर आई तो वहां आरोपियों ने उसे मारने का प्रयास किया और वह दीवार कूंद कर मुश्किल से वहां से भागी और बाद में ऑटो से सागर नाका चौकी पहुंची,जहां पर भी आरोपियों द्वारा उन्हें धमकाया गया था। परिजनों के आरोप यह भी है कि आरोपी पूरे परिवार को खत्म करने की बात कह रहे थे और उनके द्वारा इसी तरह का कृत्य भी किया गया लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने ना तो इस ओर ध्यान दिया ना जांच को दिशा दी। इस दौरान परिजनों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष अनुकंपा नियुक्ति, उचित मुआवजा सहित आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की भी मांग की जिस पर उन्हें उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया।

#### आवेदन को लेकर उठ रहे सवाल

इस मामले में मृतकों द्वारा घटना के पूर्व पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को सौंप गए आवेदन सामने आने के बाद कई सवाल उठ रहे हैं आवेदन के अनुसार अमित को ने पहले ही अपनी जान को खतरा बताते हुए दूसरे पक्ष के कुछ लोगों के नाम उसमें उल्लेखित किए थे लेकिन इसके बाद भी यह घटना घटित हो गई और आरोपियों में उन्हीं लोगों के नाम सामने आ रहे हैं जिन्हें पूर्व के आवेदन में उल्लेखित किया गया था और आवेदन और शिकायतों पर जांच और कार्यवाही के पहले ही यह बड़ी घटना सामने आ गई। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि पहले विवाद और आवेदनों के बाद दोनों पक्षों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी थी और दोनों ही पक्षों द्वारा एफआईआर किए जाने के बाद मामले की जांच जारी थी। क्योंकि दोनों पक्ष ही एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे तो पुलिस सभी पहलुओं पर ध्यान दे रही थी और इसी बीच यह घटनाक्रम सामने आ गया। इस घटनाक्रम और परिजनों के प्रदर्शन के बाद पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है और मैं परिजनों को यह भरोसा दिलाता हू की जांच निष्पक्ष रूप से की जाएगी और जांच और साक्ष्य में जिस किसी का नाम भी सामने आएगा उसे पर एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाही की जाएगी किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। मामले में कलेक्टर ने स्पष्ट किया है की परिजनों की बातों को सुनते हुए उनकी मांगों के संबंध में पत्र लिया गया है और पुलिस प्रशासन उनकी मांगों पर पर त्वरित और नियमानुसार कार्रवाई करेगा। इसमें अनुकंपा नियुक्ति, मुआवजा और आरोपियों के घरों में की जाने वाली कार्यवाहियां शामिल है।

### नहरें क्षतिग्रस्त आमजन किसान परेशान....

# स्टॉप डेम पुनर्निर्माण, नहरों के सुधार की मांग क्षेत्रवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**सिंग्रामपुर।** पांच दशक पहले जल संरक्षण एवं किसानों के खेतों पर पानी पहुंचाने के लिए सिग्रामपुर नाले पर रेगुलेटर डेम व नहरों का निर्माण किया गया था जिससे जल संरक्षण के साथ साथ वाटर लेवल मेंटेन रहता था और और किसानों को नहरों के माध्यम सिंचाई के लिए जल खेतों तक पहुंचता था लेकिन सिग्रामपुर नाले पर बना स्टॉप डेम वर्षो से क्षतिग्रस्त और नहरों का अस्त्तिव खत्म है नतीजन सिग्रामपुर सहित आसपास के ग्रामों का वाटर लेवल 500 फीट नीचे खिसक गया है जिससे आमजन और किसान जल संकट की त्रासदी बीते पांच दशक से भुगत रहा है ग्रामवासियों ने बताया पांच दशक पहले ग्राम के पास से निकला बरसाती नाला है जिस पर एक डैम



बनाया गया था जो देखरेख के अभाव में जमींदोज हो गया है और सिंचाई के लिए बनी नहरें इस तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं की नहरों का अस्तित्व ही खत्म हो गया है जिससे भूमिगत जलस्तर में आई भरी गिरावट से जहां जल स्त्रोतों में 500 फीट की गहराई में जल नही होने से वर्ष के 8 माह जलसंकट की स्तिथि बनी रहती है इसके अलावा नहरों के क्षतिग्रस्त होने पर किसानों के खेतों तक नहरों से पानी नहीं पहुंच पाता जिससे आमजन और किसान दोनो परेशान रहते है ग्राम वासियों का कहना है जहां दशकों पहले नाले पर बना स्टाप डेम से एक समय बरसाती नाले का पानी डैम कि नहर के माध्यम से मोटे हार में भरा रहता था और पांच गाँव का वाटर लेवल कभी नहीं गिरता था सिंग्रामपुर, सहसना, रामसलैया,थनेटा, हरदुआ,बरसात के पानी से वाटर लेवल एक सा बना रहता था और पानी की दिक्कत नही होती थी लेकिन वर्षों से स्टॉप डेम व नहरें क्षतिग्रस्त होने से आमजनो और किसानों के सामने पानी का संकट बना हुआ है सिंग्रामपुर निवासी रमेश राय ने बताया रेगुलेटर डेम 50 वर्ष पुराना है 4 माह की वारिश से रेग्युलेटर डेम जो जल का संग्रह होता था उससे सिग्रामपुर और आसपास के 5 गांव का वाटर लेवल बना रहता था और गांव तेज गर्मी मैं मई जून माह मैं 40 से 50 फीट पर पानी बना रहता था लेकिन की स्थिति में सरकारी बोर मे 500 गहरा होने के वावजूद पानी नहीं है क्योंकि वाटर लेवल बनाए रखने के लिए कोई जल स्त्रोत नहीं एक मात्र नाले पर बना रेगुलेटर डैम का सहारा जो की वर्षो से क्षतिग्रस्त होने से वारिश का पानी नहीं रुकता है ग्रामवासी इंद्र कुमार शुक्ला ने बताया रेगुलेटर डेम पर बनी नहर का अस्तित्व खत्म हो गया है इसके पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री एवं जबेरा विधायक को ज्ञापन दिया जिसमें मांग की गई है नाले पर बने रेगुलेटर डेम का पुनर्नी निर्माण एवं नहरों की मरम्मत हो जाए सिग्रामपुर सहित आसपास के ग्रामो में पानी की कभी समस्या नहीं होगी और यहां का किसान और आमजन सुखी हो जाएगा जल संकट से राहत मिल जाएगी ग्राम वासियों के द्वारा रेगुलेटर डेम पुनर्निर्माण नहरों की मरम्मत करवाने की मांग पर राज्य मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया है ग्राम वासियों की मांग अति शीघ्र पूर्ण की जाएगी इस अवसर पर हाकम सिंह लोधी, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, रमेश राय, गोलू विश्वकर्मा, इंद्र कुमार शुक्ला ,अशोक चौधरी, कमोद पटेल ,भूरे राय, बेडी सिंह आदि ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर पहुॅचे दमोह कृषि उपज मण्डी



**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अपने भ्रमण अभियान के तहत कृषि उपज मण्डी दमोह पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान मण्डी कर्मचारियों द्वारा बताया टीन शेड की कमी है इसलिये अनाज की तुलाई के दौरान बारिश होने पर परेशानी होती है। कलेक्टर श्री कोचर ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिये, उन्होंने मण्डी अधिकारियों से कहा कि यहां पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाये। मण्डी परिसर में बाऊंड्री बॉल सुधार के निर्देश दिये गये साथ ही मण्डी परिसर में बारिश के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिये कहा गया। इस अवसर पर एसडीएम आरएल बागरी, नरेन्द्र बजाज सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## तलैया में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**दमोह।** जिले की पथरिया थाना अंतर्गत जमुनिया हार निवासी दो मासूम बच्चीयो की पानी से भरी तलैया में नहाते समय डूबने से मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है यह दोनों बच्चियों आदिवासी परिवार की दृष्टि में बुआ भतीजी लगती थी। जिनको जिला अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया के जमुनिया गांव से करीब एक किलोमीटर दूर वनविभाग के खाई नुमा तालाब में नहाने के लिए प्रियंका तथा रोशनी नाम की दो मासूम बालिकाएं मंगलवार दोपहर गई हुई थी जहां का नहाते समय गहरे में चले जाने से दोनों डूब गई। बाद में इसकी जानकारी परिजनों को लगने पर वह मौके पर पहुंचे तथा पानी में तलाश करके दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल लाया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इस दुखद घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। दमोह जिले के पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम जमुनिया गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कुछ बच्चिया तालाब में नहाने गई हुई थी कि अचानक वह गहरे पानी में पहुंच गई जिसमें वह डूब गई जिससे साथ वाले बच्चियों ने दौड़कर गांव में आकर बताया गांव के लोगों ने पहुंचकर देखा, तालाब में तलाश कर बच्चियों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया लेकर पहुंचे जहां परीक्षण के बाद रोशनी पिता नारायण आदिवासी उम्र करीब 12 वर्ष और प्रियंका पिता कपूरे आदिवासी उम्र लगभग 13 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पथरिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजा गया है।

### सीने के फेफड़े में बन रहे थे हवा के बुलबुले, मिशन अस्पताल में मिला सफलतापूर्वक इलाज़

# करोड़ों में से किसी एक में पाये जाने वाले रोग से पीड़ित मिला मरीज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में एक ऐसा मरीज मिला जो करोडो में किसी एक मरीज में यह समस्या पाई जाती है जिसे लैंगहर्न्स सेल हिस्टोसाइटोसिस से पीड़ति कहा जाता है, जो कि दमोह के थाना पथरिया के तरावली निवासी उम्र 34 वर्षीय ब्रज किशोर है जिन्होने सीने में असहनीय दर्द और साँस लेने में तकलीफ़ होने पर दमोह की सामाजिक संस्थान आधारशिला संस्थान द्वारा संचालित मिशन अस्पताल में दाखिल कराया जहाँ पदस्थ गहन चिकित्सा इकाई विशेषज्ञ डॉ क्षितिज चौरसिया ने ब्रज किशोर पटेल नाम के मरीज का चेकअप कर सी टी स्कैन की जिसमें पाया कि मरीज़ को छाती के दायां तरफ फेफड़े में अन्दर हवा के बुलबुले बन रहे है जो अगर फूटते है तो मरीज़ का जीवन ख़तरे में आ जाता इस तरह के मरीज़ बहुत कम देखने और सुनने में मिलते हैं जिसे (लैंगहर्न्स सेल हिस्टोसाइटोसिस) मर्ज़ से पीड़ति कहते हैं जो (करोड़ों लोगों) में से किसी एक मरीज़ में पाया जाता है, मरीज़ को सीने में दर्द और साँस लेनें में दिक्कतें हो रही थी मरीज बिल्कुल गंभीर हालत में मिशन अस्पताल लाया गया था जिसकी छाती के फेफड़े की झिल्ली में हवा भरी हुई थी जिसे (टेंशन न्युमोथेरिस) कहते है। इसमें हार्ट की धड़कन रुक जाती है। मरीज को पहला इलाज़ दमोह के मिशन अस्पताल में ही सफलता पूर्वक मिला जहाँ मरीज़ की छाती की झिल्ली में डॉ चौरसिया द्वारा ट्यूब डालकर मरीज को नॉर्मल स्थिति में लाकर मरीज की जान बचाई गई बाद में मरीज़ के फेफड़ों में चिपकी झिल्ली हटाने हैदराबाद भेजा गया जब मरीज वहाँ से लौटा तब मरीज़ और उसके परिजन दमोह वापस आने पर मिशन अस्पताल और यहाँ के डॉक्टर का दिल से धन्यवाद कहा। गौरतलब है कि मिशन अस्पगताल के संचालक डॉ अजल लाल एवं श्रीमति इंदू लाल के द्वारा मिशन अस्पताल में हाई क़्वालिटी की जो व्यवस्थायें दी गई है उसके परिणाम स्वरूप दमोह का मिशन अस्पताल अब ऐसा अस्पताल बन चुका है जहां पर गंभीर से गंभीर मरीजों का सफलता पूर्वक इलाज संभव है।

## डॉ. प्रेमलता नीलम सम्मानित



**दमोह।** अखिल भारती सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के तत्वाधान मे 20वां दिवसीय नेपाल साहित्य महोत्सव काठमाडूं समारोह में देश विदेश के अनेकों साहित्यकार उपस्थित रहे। जिसमे दमोह से अंतर राष्ट्रीय कवयित्री डां. प्रेमलता नीलम को 20 जून को आयोजित नेपाल पशुपतिनाथ प्रज्ञा सम्मान 2024 शाल श्रीफल से संस्था अध्यक्ष प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव अरब की कवयित्री संगीता चौबे पंखुड़ी मुख्य अतिथि, कुबैत के राजेंद्र शलभ के कर कमलों से प्राप्त हुआ। डां. प्रेमलता नीलम ने बुंदेलखंड की लोकभाषा बुंदेली मे लोक परंपरागत संस्कृति पर वकतव्य और कविता नजर भर हेर लें ठाडे रइयो तनक चलती बीरीयां नगर के समस्त कवि लेखक ने बधाई दी।

# सड़क हादसे में बेटे की मौत, पिता ने गांव में बांट दिए हेलमेट

**बनवार।** दमोह जिले की जंप जबेरा की ग्राम चंडी चौपरा गांव के रहने वाले संकेत सिंह लोधी की 15 जून बिना हेलमेट के बाइक चलाने वक्त सड़क हादसे में मौत हो गई। पिता ने मृत्यु भोज की जगह हेलमेट बांटने का संकल्प लिया था और आज जबेरा जनपद की 70 ग्राम पंचायत में प्रत्येक ग्राम पंचायत में करीब सेकंड हेलमेट का वितरण किया गया और 70 ग्राम पंचायत के लोगों को चोपड़ा चंडी मैदान में एकत्रित कर श्रद्धांजलि सभा के दौरान इन हेलमेटों का वितरण किया गया इस कार्य की लोगों ने खूब सराहना की उनका यह संकल्प, हेलमेट नहीं पहनने के



कारण किसी और युवक की जान न जाए प्रेरणा का स्त्रोत बन गया समाजसेवी सचिन मोदी ने बताया 70 ग्राम पंचायत की हर गांव में एक-एक समाज का हर व्यक्ति लिया गया और 70 ग्राम पंचायत के एक-एक व्यक्ति को हेलमेट दिया गया वहीं 25 से अधिक रिश्तेदार प्रिय जनों को भी हेलमेट प्रदान किए गए उनके इस प्रयास की क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समाज सेवियों ने सराहना करते हुए श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से संतोष भारती डॉअभिषेक जैन शास्त्री दीवान चंद्रभान सिंह रजनी ठाकुर जिला पंचायत सदस्य गोविंद भाईल नीरज जायसवाल दासु ठाकुर दीपक यादव जनपद सदस्य राजू राजपूत रूपेश सेन कमल सिंघाई राजा सेठ हेमराज सिंह चीनी सेठ एवं सैकड़ो की संख्या में लोग सम्मिलित हुए श्रद्धांजलि सभा का सफल संचालन डॉ अभिषेक जैन एवं सचिन मोदी द्वारा किया गया।

## फटाका फैक्ट्री हादसे में घायलों को 1-1 लाख रूपये राशि की स्वीकृति

**दमोह ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वेच्छानुदान मद से दमोह की पटाखा फेक्ट्री की घटना में मृतको और घायलों के परिजनों के लिये 32 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया ने चेक वितरित किये। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया ने कहा विधानसभा चुनाव के समय एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी, पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 06 लोग मृत और 08 लोग घायल हुए थे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बात की गई। इसके बाद कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने शासन को पत्र भेजे और बात भी की। कल रात में ही कलेक्टर श्री कोचर का फोन आया राशि आ गई है, तो मैंने कहा बहुत विलंब हो गया अब और विलंब नहीं करेंगे, सबको बुलाकर आज ही 4-4 लाख रुपए की राशि मृतकों के परिजनों को और 1-1 लाख रुपए की राशि घायलों को, कुल मिलाकर 32 लाख रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने कहा मैं इस क्षेत्र का विधायक होने के नाते और आप सभी की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा संवेदनशील मुख्यमंत्री जी ने मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना दिखाई और सभी को राशि दी गई।

# करंट लगने से मां बेटी की दुखद मौत, परिवार में पसरा मातम

**बनवार ।** नोहटा थाना की बनवार पुलिस चौकी के बनवार ग्राम के तिग्गड़े मौहल्ला से दर्दनाक हादसा सामने आया है। घर में कूलर के करंट की चपेट में आई मासूम बेटी को बचाने में जैसे ही मां ने प्रयास किया। मां भी करंट की चपेट में आ गई और





दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को लगी तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे जहां ड्यूटीरत डॉ विक्रांत पटेल ने चेक उपरांत ई सी जी कराकर मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार की दोपहर की बताई जाती है। जहां पर सपना पति मुलायम सिंह लोधी अपनी 7 वर्षीय बेटी वैष्णवी के साथ नए कमरे में थी। उसी दौरान कमरे में खेल रही वैष्णवी को कूलर के करंट लगाते देखा तो मासूम बेटी को बचाने के लिए मां झपट पड़ी और मां भी करंट की चपेट में आ गई और हादसे बनवार निवासी सपना पति मुलायम सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष वैष्णवी पिता मुलायम सिंह उम्र 7 वर्ष की मौत हो गई। मां बेटी के शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह नहीं बताया नव विवाहित की करंट लगने से मौत का मामला होने की वजह से तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही सुबह होगी जिसके बाद शवों परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। जैसे ही यह दुखद घटनाक्रम सामने आया तो पूरे गांव का माहोल गमगीन हो गया और परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# वृद्धावस्था में साधना नहीं होती: आचार्य श्री समयसागर जी महाराज

**कुंडलपुर ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा तत्व भवे किम शरणं ----- कारिका आई है संसार में क्या शरण भूत है यहां पर देवेंद्रो का भी विलय देखने में आता है वहां पर हरिहर ब्रह्मा इत्यादिक और विशेष शक्ति को लेंगे तो जीव है संसार में उनका भी विलय देखने में आता है तो सामान्य व्यक्ति की क्या कथा है ।हालांकि स्वर्गीय जो देव हैं सागरोपम आयु को लिए होते हैं। इसके उपरांत भी उनका विनाश देखने में आता है। उन्हें अमर संज्ञा है हम और आपकी अपेक्षा से अन्य गतियां में जो आयु है उसकी तुलना में उनकी आयु बहुत दीर्घता को लेकर के होती है। सागरोपम आयु है और अपने पास परमोपम भी नहीं पूर्व कोटी की भी नहीं। बड़ी मुश्किल से 100 साल के भी व्यक्ति एकाध देखने को मिल सकते हैं ।60-65- 70-75 हो गया लास्ट के चार-पांच साल तो टिक करके बैठ जाते हैं और वह भी आयु समाप्त हो जाती फिर उनको टिकाते हैं टिक करके बैठने की क्षमता समाप्त हो गई टिका देते हैं जीवन का अंत हो जाता है ।अब आप सोच लो संयम धारण करने इतनी अल्प आयु है और विषयों को भोगने के लिए तो दीर्घायु है। दुर्लभता तो है असंयम के साथ जीवन व्यतीत करने के लिए सागरोपम आयु के साथ तृप्ति नहीं हो पाती। क्यों नहीं हो पाती क्योंकि शरीरासृत जो सुख है वह विनाशशील ऐसा कहा गया है।अग्निक सुख प्राप्त करना चाहो तो वैश्विक सुख है क्या मानो जीर्ण तृण के समान मान लेते हैं ।विषयों में सुख नहीं है मानना अलग है मान्यता अथवा सिद्धांत का विषय बनने के उपरांत भी त्याग का जब समय आता है वह पुनः आगे पीछे सोचता है हम बाद में देख लेंगे ।बाद में कब देखोगे जब अंत समय आ जाता है उस समय देखने की क्षमता नहीं ।वृद्धावस्था में साधना होती नहीं इसलिए कहा है यावत----- वृद्धावस्था में श्रम के अलावा कुछ नहीं होता शारीरिक क्षमता भी समाप्ति पर होती है ।मनोबल भी नहीं क्षीण मनोबल, वचनबल, कायबल सारी की सारी इंद्रियां शिथल होती है ।उस समय आप साधना करना चाहो तो संभव नहीं और जिस समय अवसर साधना के लिए रहता है उस समय वह सोचता बाद में कर लूंगा । भोजन थोड़ी करना है साधना करने के लिए उत्साह चाहिए और उत्साह समाप्त हो जाता है। दो-दो व्यक्ति पकड़ रहे हैं बैठने उठने की क्षमता नहीं पैरों में शक्ति नहीं है आंखों में रोशनी धीरे-धीरे समाप्त हो रही है स्मरण शक्ति भी डाउन होती चली जा रही है। ऐसी स्थिति में अरिहंत अरिहंत करने के लिए भी बल बचा नहीं आप क्या कर लोगे महाराज ऐसा कोई मंत्र बताओ हमने कहा णमोकार मंत्र का जाप करो महाराज ये तो करते ही हैं तो करते तो इसका अर्थ क्या पंचपरमेष्ठी की आराधना है इसको छोड़कर और मंत्र की ओर ध्यान क्यों जा रहा। आप चाहते क्या हैं आखिर पंच परमेष्ठी की आराधना करने से कल्याण होता है ।लेकिन उस णमोकार मंत्र से कल्याण कर नहीं पा रहा है इसलिए दूसरे मंत्र की बात करता है। महाराज यह तो मैं करता ही हूं तो क्या नहीं करते बताओ स्वरूप का परिज्ञान न होने के कारण उसका मन नहीं लग रहा। जब तक मन केंद्रित नहीं होगा तब तक आपका मन विक्षिप्त ही रहेगा क्षुब्ध रहेगा। हमारा उपयोग अन्यत्र चला जा रहा है कि पदार्थ आपके उपयोग में आ रहे हैं। पदार्थ का उपयोग पदार्थ की ओर जा रहा है इसका निर्णय करना है ।आज बोलो ज्ञेय पदार्थ अनंत है आपको वाध्य कर रहे हैं मुझे जानो मुझे ग्रहण करो मेरी ओर देखो तो कुछ भी नहीं कह रहे हैं उपयोग हमारा जा रहा है स्पष्ट है अपराध हमारा है दूसरे का नहीं ।पक्की बात है दूसरे का क्या अपराध है इसमें किसी ने कहा महाराज वह बार-बार हर बार हमें घूर कर देख रहा आपने देखा तभी तो देखने में आ रहा। आपने देखा क्यों उस ओर आपकी दृष्टि नासाग्र है तो घूर कर देखें चाहे ना देखे हमें ज्ञात ही नहीं कौन देख रहा है नहीं देख रहा है। बार-बार हमारी ओर ही देख रहे देखा क्यों हमें डर लगता आपने देखा क्यों किसने वाध्य किया उपयोग हमारा ही जाता है इसलिए उपयोग केंद्रित करने के लिए बार-बार पुरुषार्थ करो ऐसा कहा जाता है।